# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)
## U.P. POWER CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
14–अशोक मार्ग, शक्ति भवन, लखनऊ–226001.
CIN:U32201UP1999SGC024928.


संख्या–310–अधि0प्रब0–03/पाकालि/21–3(138)–ई0एम0–03/2015 दिनांकः 03 फरवरी, 2021

स्पीड पोस्ट

मनोज कुमार वर्मा (2015138)
अवर अभियन्ता,
कार्यालय मुख्य अभियन्ता (वितरण),
पश्चिमांचल वि0वि0नि0लि0,
शाकुम्भरी विहार, मवीकलां, आवास विकास,
दिल्ली रोड, सहारनपुर–247001
(मोबाईल न0–9599794386)

**विषयः–** पदावनति के उपरान्त अवर अभियन्ता के पद पर कार्यभार ग्रहण किए जाने के सम्बन्ध में।

**महोदय,**

आपके पत्र दिनांक 07.12.2020 के संदर्भ में कॉरपोरेशन के पत्र संख्या–187–अधि0प्रब0–03/पाकालि/21–3(138)–ई0एम0–03/2015, दिनांक 25.01.2021 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा आपको सूचित किया जा चुका है कि आप द्वारा प्रस्तुत त्यागपत्र सशर्त होने के दृष्टिगत, उसे स्वीकार्य योग्य नहीं पाया गया है।

इस सम्बन्ध में निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0), पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ के पत्र संख्या–394/प.वि.वि.नि.लि./मेरठ/प्रशा0/पी0एफ0, दिनांक 12.01.2021 द्वारा कॉरपोरेशन को सूचित किया गया है कि कॉरपोरेशन दण्डादेश सं0–2737–अ0का0 एवं सत0–05ए/2020–31 सीवी/2019, दिनांक 28.11.2020 द्वारा पदावनत किए जाने के उपरान्त आपको दिनांक 05.12.2020 को सहायक अभियन्ता पद से कार्यमुक्त कर मुख्य अभियन्ता (वितरण), सहारनपुर क्षेत्र, सहारनपुर में अवर अभियन्ता के पद पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु निर्देशित किया गया था, परन्तु संज्ञान में आया है कि आपके द्वारा अभी तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया है, जो कि आचरण सेवा नियमावली का स्पष्ट उल्लंघन है।

अतः मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि आप अतिशीघ्र अपने नव तैनाती स्थल मुख्य अभियन्ता (वितरण), सहारनपुर क्षेत्र, सहारनपुर के समक्ष अपना कार्यभार ग्रहण करें, अन्यथा कि स्थिति में आपके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही प्रारम्भ किए जाने की, विभाग की बाध्यता होगी।

**संलग्नकः यथोपरि।**

भवदीय,

( हिमांशु वार्ष्णेय )
उप सचिव (अ0प्र0–03)

— 2

संख्या–310(।)–अधि0प्रब0–03/पाकालि/2021–तद् दिनांक : 03.02.2021

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–**

**स्पीड पोस्ट** 1. निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0), पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, ऊर्जा भवन, विक्टोरिया पार्क, मेरठ–250001 को पत्र संख्या–394/प.वि.वि.नि.लि./मेरठ/प्रशा0/पी0एफ0, दिनांक 12.01.2021 के सन्दर्भ में।

**स्पीड पोस्ट** 2. मुख्य अभियन्ता (वितरण), प0वि0वि0नि0लि0, शाकुम्भरी विहार, मवीकलां, आवास विकास, दिल्ली रोड, सहारपनुर–247001 को पत्र संख्या–6437/म0अ0वि0, दिनांक 10.12.2020 के सन्दर्भ में।

3. मुख्य अभियन्ता (हाइडिल), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

( हिमांशु वार्ष्णेय )
उप सचिव (अ0प्र0–03)

प्रतिः कट फाईल/ कारपोरेशन की वेबसाइट पर अपलोड हेतु।